आपकी सहभागिता से ही हम... पृष्ठ 2 | पहली बार जंगल सफारी में दिखेंगे... पृष्ठ 3

# नांदगांव टाइम्स




नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

।। जय श्री जलाराम ।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

उचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मोः 98274-61508, 83192-88559


मंगलवार, 18 फरवरी 2025, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 126, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

# विश्वामित्र के भारत में विश्व मित्र मोदी रखेंगे कैंसर अस्पताल की आधारशिला







**छतरपुर।** सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में 19 फरवरी से कलश यात्रा के साथ बुन्देलखण्ड का महामहोत्सव शुरू हो रहा है। रविवार को बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने हमारे संवाददाता संतोष गंगेले कर्मयोगी नौगांव बुंदेलखंड पत्रकार से संवाद करते हुए धाम में होने वाले आयोजन की जानकारी दी। महाराजश्री ने कहा कि देवर्षि विश्वामित्र के भारत में विश्व मित्र की भूमिका निभाने वाले देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 फरवरी को बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखेंगे। 23 फरवरी की शाम को कवि सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 26 फरवरी को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू 251 वर-वधू को सफल वैवाहिक जीवन का आशीर्वाद देंगी। उन्होंने भक्तों से अनुरोध किया है कि वह 23 तारीख से 26 तारीख तक बागेश्वर धाम आने के लिए गंज रोड से बाईपास सड़क तैयार कर दी गई है जिस पर से चार पहिया छपाईया और 10 पहिया वाहन आ जा सकते हैं इसलिए चक्का जाम की स्थिति बचने के लिए वह बाईपास गंज रोड से ही बागेश्वर धाम पहुंचे सहयोग करें ।

महाराजश्री ने 7 दिनों तक चलने वाले महा उत्सव की मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि 19 फरवरी को विशाल कलश यात्रा निकलेगी। कलश यात्रा के माध्यम से गांव के देवी-देवताओं को महोत्सव सफल बनाने के लिए निमंत्रण दिया जाएगा। 3 से 5 हजार सदस्य गांव-गांव पीले चावल बांटकर कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। बागेश्वर धाम में 18 पुराण, चार वेद, 6 शास्त्र का वाचन होगा। 23 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बालाजी कैंसर हॉस्पिटल एण्ड रिसर्च इंस्टीट्यूट की आधारशिला रखेंगे। 20 फरवरी को भारत एवं संपूर्ण विश्व के शिष्य मंडल धाम पहुंचेंगे और इसी दिन अन्नपूर्णा यज्ञ की शुरूआत होगी।

**21, 22 फरवरी को गुरू दीक्षा महोत्सव, रामलीला**

21 एवं 22 फरवरी को धाम में गुरू दीक्षा महोत्सव होगा। जिनमें दीक्षा का कार्यक्रम

## कन्याओं को आशीर्वाद देने आ रहीं राष्ट्रपति मुर्मू

रखा गया है जबकि शाम को रामलीला का मंचन होगा। बागेश्वर धाम आने वाले भक्तों के लिए सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई है ताकि वे बालाजी और बागेश्वर महादेव के दर्शन करने के साथ ही भगवत चर्चा श्रवण कर पुण्य लाभ कमाएं।

**22 से शुरू होगी दीदी मां की प्रवचन माला**

देश की प्रख्यात कथावाचक एवं अनाथ बेटियों को वात्सल्य देने वालीं दीदी मां ऋतंभरा धाम में आशीर्वचन देने आ रही हैं। 22 फरवरी से 25 फरवरी तक दीदी मां प्रवचन करेंगी। युवाओं से लेकर वरिष्ठ और बुजुर्ग लोगों को धर्म के प्रति प्रेरित करने तथा हिन्दू राष्ट्र की प्रेरणा जगाने दीदी मां सबको अपनी वाणी रूपी अमृत से आनंदित करेंगी।

**24 को अवधेशानंद महाराज के प्रवचन, खली की कुश्ती**

24 फरवरी को देश के प्रख्यात संत अवधेशानंद गिरि जी महाराज के प्रवचन होंगे। वहीं इसी दिन जाने-माने रेसलर द ग्रेट खली अपने शिष्यों के साथ बागेश्वर धाम आएंगे और कुश्ती का प्रदर्शन कराएंगे। बागेश्वर धाम में सीडब्ल्यूसी की फाइट देखने को मिलेगी। यह करीब 2 घंटे का कार्यक्रम रहेगा।

**3 लाख वर्गफिट में लग रहा टेंट, 15 एकड़ में मण्डप, भण्डारा**

बागेश्वर धाम के कार्यक्रम को वृहद रूप दिया गया है। 3 लाख वर्गफिट में टेंट लगाया जा रहा है तो वहीं 12 से 15 एकड़ में मण्डप और भण्डारे की व्यवस्था की गई है। महाराजश्री ने कहा कि बागेश्वर धाम देश का एक ऐसा स्थल है जहां गरीब बेटियों के लिए दानपेटी खोली गई है। दानपेटी से गरीब बेटियों का घर बसाने का यहीं से संदेश दिया जा रहा है।

**राष्ट्रपति देंगी बेटियों को आशीर्वाद**

26 फरवरी को बुन्देलखण्ड का ऐतिहासिक कन्या विवाह महोत्सव आयोजित हो रहा है। 251 वर-वधू को सफल वैवाहिक जीवन का राष्ट्रपति आशीर्वाद देंगी। इस दिन देश के प्रख्यात संत मंच पर उपस्थित रहेंगे। महाराजश्री ने सभी को कार्यक्रम में शामिल होने का आमंत्रण दिया है।

**वर-वधू पक्ष को भेंट की लहंगा-चुनरी, शेरवानी, टोपी**

सभी 251 जोड़ों को बागेश्वर धाम बुलाकर महाराजश्री एवं पशु पालन राज्यमंत्री लखन पटेल ने शुरूआती सामग्री भेंट की है। बेटी के लिए लहंगा-चुनरी, सेंडल, कंगन और दूल्हे के लिए शेरवानी तथा टोपी भेंट की है ताकि वे एक दिन पहले ही तैयार होकर बागेश्वर धाम पहुंचेंगे। इस बार कन्या और वर पक्ष को 25 फरवरी को ही धाम बुलाया गया है ताकि वे किसी भी परेशानी से बच सकें।

**संत और खेल व सिनेमा जगत से आएंगे धाम**

उक्त कार्यक्रम में देष के अनेक क्षेत्रों से साधु संतों का आमन हो रहा है, जिसमें परमपूज्य गुरूदेव जगद्गुरू रामभद्राचार्य जी महाराज, मलूक पीठाधीष्वर राजेन्द्रदास जी महाराज, गोरीलाल कुंज वाले स्वामी किषोरदास जी महाराज, इंद्रेष उपाध्याय जी, पुण्डरीक गोस्वामी जी, गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज, पूज्य चिदानंद स्वामी जी महाराज, पूज्य बालक योगेष्वरदास जी महाराज, अयोध्या के पूज्य संत रामदिनेष आचार्य जी महाराज, पूज्य अभिरामाचार्य जी महाराज, अभयदास जी महाराज, हरिद्वार से श्री रामदास जी महाराज, परमपूज्य चिन्मयानंद बापूजी महाराज, पूज्य गंगादास जी महाराज, पूज्य गोपालमणि जी महाराज, पूज्य संजय सलिल जी महाराज सहित अनेक संत पधार रहे हैं। इसके अलावा बेटियों को आशीर्वाद देने के लिए क्रिकेट जगत के सितारे पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेन्द्र सहवाग, रॉबिन उथप्पा, आरपी सिंह, फिल्म जगत से पुनीत वषिष्ठ, कुष्ती जगज से ग्रेट खली सहित अनेक कलाकार पधारेंगे।

## महापौर से आयुक्त ने की मुलाकात



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने आज न्यू सर्किट हाउस में नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव को पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दी। और विभिन्न मुद्दों पर

## सांसद संतोष पांडे ने भाजपा अधिकृत प्रत्याशी रामनाथ वर्मा के समर्थन में सभा को किया संबोधित

### लोगों को बताया केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव प्रचार के दौर में सांसद संतोष पांडेय ग्राम तुमड़ीबोड में नुक्कड़ सभा को संबोधित कर भाजपा के जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 7 के भाजपा अधिकृत प्रत्याशी रामनाथ वर्मा को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनता ने केन्द्र और राज्य में कमल खिलाया है। अब समय हर गांव में कमल खिलाने का है। अपने गांव के विकास के लिए ग्रामीण जैसा सपना संजोऐ हुए हैं, उसे साकार करने के लिए भाजपा उमीदवार को जिताकर जिला पंचायत भेजना है, ताकि कोई गांव मूलभूत सुविधा का मोहताज न हो और शहर जैसी सुविधा ग्रामीणों को मिले। उन्होंने केन्द्र और राज्य की कल्याणकारी योजना को बताकर भाजपा उम्मीदवार को जिताने की अपील किया। सांसद संतोष पांडे ने जनसभा को संबोधित करते हुए आगे कहा कि विकास का ताला हमेशा सही चाबी लगाने से खुलता है अपने केंद्र में नरेंद्र मोदी और राज्य में विष्णु देव साय रूपी विकास का जो ताला लगाया है. जिला पंचायत में भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी रामनाथ वर्मा की जीत से ही खुलेगा केंद्र व राज्य सरकार के विकास कार्यों को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने पंचायती राज के सभी पायदानो में भी भाजपा प्रत्याशियों को जिताना होगा।

## वकीलों का डेलीगेशन डॉ. रमन सिंह से मिले



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** भारतीय जनता पार्टी के नगरीय निकाय चुनाव के लिये जिले में अपनी अहम भूमिका निभाने वाले जिला भाजपा विधि प्रकोष्ठ का एक प्रतिनिधि मंडल शहर प्रवास पर आये पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से मिलकर पार्टी की ऐतिहासिक विजय पर बधाईयाँ दी। प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शहर के अधिवक्ता विकास तिवारी कर रहे थे। जिला भाजपा मीडिया सेल द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार श्री विकास तिवारी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ डॉ. रमन सिंह से विधिक क्षेत्र में पार्टी द्वारा किये गये कार्यो को विस्तारपूर्वक बताया व कहा कि पार्टी प्रत्याशियों के नामांकन से लेकर उनकी जांच व बाद में चुनाव आयोग से आ रही शिकायतों के निराकरण में विधि प्रकोष्ठ ने अच्छी भूमिका का निर्वाह किया व हर समय पार्टी के चुनाव कार्यालय में विधि प्रकोष्ठ के लोग मौजूद रहे। डॉ. रमन सिंह ने विधि प्रकोष्ठों के कार्यों की प्रशंसा करते हुये कहा कि युवा वकीलों का एक दल चुनाव अभियान में हमेशा पार्टी के साथ रहा और चुनावी समस्याओं का बखूबी निराकरण भी किया। डॉ. रमन सिंह ने प्रतिनिधि मंडल उपस्थित सभी सदस्यों को उनके कार्यो के लिये आभार माना। इस दौरान प्रमुख रूप से विकास तिवारी, सुधांशु जोशी, सुकलाल धारगावे, संतोष रजक, वैभव शुक्ला, शैलेन्द्र नागवंशी सहित अनेक अधिवक्ता उपस्थित थें।

## विद्यार्थियों को शोध अनुसंधान के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता - डॉ. ब्रम्हे

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** शास.नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) योजना के तहत नोडल महाविद्यालय शास.दिग्विजय स्वसाशी स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव के आपसी सहयोग एवं समन्वय तथा महाविद्यालय के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त के तत्वाधान में शोध प्रविधि विषय पर आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला के चौथे दिवस 12 फरवरी बुधवार को विषय विशेषज्ञ के रूप में पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के अर्थशास्त्र, भारतीय अर्थशास्त्र संघ के महासचिव एवं छत्तीसगढ़ अर्थशास्त्र संघ के अध्यक्ष एवं के विभागाध्यक्ष डॉ. रवीन्द्र ब्रम्हे उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभांरम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। तत्पश्चात विषय विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र ब्रम्हे का महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. श्रीमती



ई.व्ही.रेवती ने पौधा भेट कर स्वागत किया। कार्यशाला के चौथे दिन पीएम उषा प्रभारी एवं आईक्यूएसी संयोजक डॉ. आर.आर कोचे ने विषय विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र ब्रम्हे का परिचय छात्र-छात्राओं को देते हुये पीएम उषा योजना एवं संचालित कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये विस्तृत जानकारी दी। विषय विशेषज्ञ डॉ. रविन्द्र ब्रम्हे ने कार्यशाला में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि विद्यार्थीयों को अनुसंधान के प्रति जागरूक होना चाहिए। डॉ. ब्रम्हे ने विद्यार्थियों को शोध अनुसंधान की विधियों की जानकारी देते हुये बताया कि सबसे पहले अनुसंधान का विषय चयन करना चाहिये। तत्पश्चात विषय से संबधित पुस्तके का अधिक से अधिक अध्ययन करना चाहिये जिससे विषय से संबंधित जानकारी का दायरा बढ़ता है। समाचार पत्रो का अध्ययन निंरतर करना चाहिये। उन्होनें बताया कि पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में मैंने अपने स्वंय के प्रयास से लायब्रेरी बनायी है। संसार में ज्ञान के अलावा दूसरी कोई चीज हमें पवित्र नहीं कर सकती। उन्होनें आगे कहा कि हम किसी चीज को किस नजरिये से देखते है यह महत्वपूर्ण है, न कि परिणाम। छात्र-छात्राओं में अनुसंधानात्मक प्रवृति स्वंय में जागृत करनी होगी, क्योकि सारी बाते पुस्तकों में नहीं लिखी होती है अपितु छिपी होती है। उन्होनें विद्यार्थियों को आव्हान किया कि अध्ययनकाल जीवन का सबसे सुंदरकाल है, इसका सद्उपयोग करें।

कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती द्वारा विषय विशेषज्ञ डॉ. ब्रम्हे को प्रमाणपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन वनस्पति विज्ञान विभाग से प्रभात बैस एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आर.आर.कोचे ने किया।

## लोकतंत्र का संगम एक बूथ चार धर्म एक संकल्प!



**कबीरधाम (नांदगांव टाइम्स)।** कबीरधाम जिले के कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत केसली के मतदान केंद्र क्रमांक 11 पर लोकतंत्र की एक अनूठी और प्रेरणादायक तस्वीर देखने को मिली, जहां चार अलग-अलग धर्मों के अधिकारी संजय कुमार यादव (हिंदू), अब्दुल सईद खान (मुस्लिम), चरणजीत सिंह पाहुजा (सिख) और एल्विना विल्सन (ईसाई) एक साथ मतदान प्रक्रिया का संचालन कर रहे हैं। यह दृश्य भारत की गंगा-जमुनी तहजीब, आपसी सौहार्द और भाईचारे का जीवंत उदाहरण प्रस्तुत कर रहा है। लोकतंत्र की इस महायात्रा में जब अलग-अलग पृष्ठभूमियों से आए लोग एकजुट होकर निष्पक्ष और सुचारू मतदान कराने के लिए तत्पर हैं, तो यह संदेश जाता है कि भारत की असली ताकत इसकी विविधता में एकता है। विशेष रूप से, इस दल में शामिल अब्दुल सईद खान, जो पूर्व सैनिक भी हैं। भूतपूर्व सैनिक से शासकीय शिक्षक बने अब्दुल सईद खान अपने राष्ट्रप्रेम और कर्तव्यनिष्ठा की भावना को आगे बढ़ाते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रिया में योगदान दे रहे हैं। यह उदाहरण न केवल चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को दर्शाता है, बल्कि यह भी सिद्ध करता है कि जब बात लोकतंत्र और देश की सेवा की हो, तो सभी मतभेद पीछे छूट जाते हैं और केवल एक पहचान रह जाती है.....हम भारतवासी हैं।

# आपकी सहभागिता से ही हम विकास की नई इबारत लिखेंगे : किरण रविन्द्र वैष्णव

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 गैंदाटोला से भारतीय जनता पार्टी की अधिकृत प्रत्याशी किरण रविन्द्र वैष्णव विभिन्न गांवों में जनसंपर्क कर सम्मानित ग्रामीणजनों से भेंट की और उनकी समस्याओं, आवश्यकताओं एवं सुझावों को सुना। किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि आपका सहयोग और समर्थन हमारे लिए ऊर्जा का कार्य करता है,मेरा संकल्प है कि क्षेत्र के हर गांव का समग्र विकास हो और जनता को सभी आवश्यक सुविधाएँ सहज रूप से मिलें। आपकी सहभागिता से ही हम विकास की नई इबारत लिखेंगे मोदी जी की गारंटी और विष्णु के सुशासन के साथ हम जिला पंचायत क्षेत्र को विकास की दिशा में आगे बढ़ायेंगे।आप सभी का एक एक वोट जिला पंचायत क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी है। आने वाले 20 फरवरी को फावड़ा और बेलचा छाप पर मुहर लगाकर



आप के अपन बेटी ल आशीर्वाद प्रदान कर क्षेत्र की सेवा करें के अवसर प्रदान करहुं। कांग्रेस पार्टी ने अपने कार्यकाल में केवल भ्रष्टाचार किया है। छुरिया नगर को ठगने वाले अब गांव में आ गये है।इन सभी को अब सबक सिखाने का समय आ गया है। विष्णु देव साय की नेतृत्व वाली राज्य की डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में महतारी वंदन योजना, किसानों के हित में निर्णय लेते हुए 3100 रुपये में धान खरीदी, 2 वर्ष का बकाया धान बोनस, किसान क्रेडिट कार्ड के तहत 5 लाख तक ऋण, भूमिहीन परिवारों को सालाना 10 हजार रुपए सहायता और 18 लाख गरीब परिवारों के पक्का आवास के सपनों को साकार किया है। पांच साल तक मुफ्त आनाज वितरण जैसे अनेकों योजनाएं संचालित हो रही है।निश्चित रूप से मैं जिला पंचायत क्षेत्र की मतदातागण मुझे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक-12 से सेवा करने का अवसर प्रदान करते हैं तो विकास की गति ट्रिपलइंजन की रफ्तार से मोदी की गारंटी और विष्णु के सुशासन से क्षेत्र के विकास करूंगी।

# सनातन धर्म महासभा की दुर्ग शहर अध्यक्ष श्रीमति अल्का बाघमार महापौर पद में विजय होते ही सनातन धर्म महासभा के वरिष्ठ का आशीर्वाद लेने पहुँची

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** सनातनधर्म महासभा की पदाधिकारी को छ.ग. में भारतीय जनता पार्टी में सनातन धर्म की दुर्ग शहर की अध्यक्ष श्रीमति अल्का बाघमार को महापौर पद हेतु टिकिट दी थी। जिसमें वह 68000/- मतों से विजय होकर भारतीय जनता पार्टी व सनातन धर्म का झंडा लहराया। सर्व




प्रथम महापौर बनते ही सनातन धर्म की शहर अध्यक्ष सनातन धर्म पदाधिकारियों छ.ग. प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक से आशीर्वाद लेकर सनातन धर्म को पूरे छ.ग. में कंधे से कंधा मिलाकर सनातन धर्म को आगे बढ़ाने को कहा तत्पश्चात श्री दिनेश पुरोहित जी के घर में व्यासपीठ का दर्शन प्राप्त कर पंडित विक्रांत दुबे जी के द्वारा मंत्रों उच्चारण से पूजा अर्चना करायी गई। सनातन धर्म दुर्ग शहर अध्यक्ष की भव्य आतिश बाजी के साथ स्वागत किया गया उसके पश्चात सभी सनातन धर्म के पदाधिकारी ने पुष्प माला से स्वागत किया। सनातन धर्म के सभी पदाधिकारियों ने जीत की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। इस शुभ अवसर पर मुख्य रूप से सनातन धर्म के संयोजक राकेश इंद्रभूषण ठाकुर, हरीश गांधी, आनंद महराज जी ,हीरा माहेश्वरी, राजू शर्मा,राकेश महोबिया,प्रदेश अध्यक्ष महिला मौसी शर्मा, मीना पाण्डेय, अनोखी शर्मा, रितिका पाण्डेय, मधु अग्रवाल, व अत्यधिक संख्या में सनातन धर्म के पदाधिकारी उपस्थित हुए। उक्त जानकारी सनातन धर्म के दिनेश पुरोहित ने दी।

## जिला पंचायत क्षेत्र क्र.10 से कांग्रेस प्रत्याशी रामक्षत्री चंद्रवंशी कर सकती हैं हैट्रिक

**छुरिया (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्र. 10 बोरतालाब के कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती रामक्षत्री चंद्रवंशी ने नारायणगढ़, रामपुर , तेलिनबांधा, घोरतालाब, पाटेकोहरा, पिनका पार,महाराजपुर,रंगीटोला,



नागर कोहरा,सड़क चिरचारी, लालूटोला मे अपने समर्थकों के साथ धुआंधार जनसंपर्क कर रहें हैं।सभा का आयोजन कर मतदाताओं को कहा कि इस बार भी जिला पंचायत चुनाव में कर्मठ जुझारू सरल स्वभाव की धनी श्रीमती रामक्षत्री चंद्रवंशी को उगता सूरज छाप में मुहर लगाकर भारी मतों से चुनाव जिताना है । उन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के द्वारा इस क्षेत्र में विकास के जनहित योजनाओं और उपलब्ध्यिों की जानकारी दी । उन्होंने ग्रामीणों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की, ताकि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास हो सके । उन्हें क्षेत्र क्र. 10 बोरतालाब से लोगों से अपार समर्थन एवं जनता का आशीर्वाद मिल रहा है । विदित हो कि रामक्षत्री चंद्रवंशी दो बार यहां से जिला पंचायत सदस्य रह चुकी हैं ये उनका तीसरा कार्यकाल होगा यदि यहां से जीतती है तो। क्षेत्र में भरपूर जन समर्थन मिल रहा है इससे उम्मीद लगाए जा रहा है कि तीसरी बार भी उनका जीत निश्चित होगा हालांकि भाजपा से अधिकृत अनीता मंडावी मैदान में डटी हैं । बता दे यहां सीधा भाजपा और कांग्रेस मे मुक़ाबला हैं।

## राजिम कुंभ मेला में गीता परिवार द्वारा गीता के प्रचार प्रसार में उल्लेखनीय योगदान दिया जा रहा है



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** राजीम छत्तीसगढ़ पूरे भारत देश में चार कुंभ आदि अनादि काल से प्रतिस्थापित है इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ के प्रयागराज कहे जाने वाले राजिम कुंभ महोत्सव भी अपनी ऐतिहासिक विरासत के लिए पूरे देश भर में प्रसिद्धी अर्जित कर रही है कुंभ मेला में जहां एक से बढ़कर एक अलग-अलग गतिविधि देखने को मिल रही है वही गीता परिवार भिलाई दुर्ग के साथियों के द्वारा भगवत गीता के प्रचार प्रसार के लिए उल्लेखनीय योगदान दिया जा रहा है संगठन के सदस्यों ने बताया कि चार स्तरों पर संपूर्ण भागवत गीता का निशुल्क प्रशिक्षण उनके संगठन द्वारा दिया जा रहा है सभी अध्यायों के निशुल्क पीडीएफ ऑडियो वीडियो सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है प्रशिक्षित प्रमाणिक शिक्षकों द्वारा भूल सुधार कर गीता सीखने का सुअवसर प्रदान किया जा रहा है जून 2020 से अब तक 134 देश से चार लाख से अधिक गीता प्रेमी साधकों को इसमें प्रवेश दिया जा चुका है खास बातचीत किया हमारे संवाददाता हेमंत वर्मा ने।

# भाड़े के कांग्रेसी हुए ऋणमुक्त

**डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)।** नपा चुनाव का परिणाम आने के बाद कांग्रेस पार्टी रिणमुक्त हो गई है. ज्ञात हो कि विधानसभा चुनाव के समय सरेआम टिकट बेचे जाने का अन्य कांग्रेसियों के द्वारा आरोप लगाए गए थे और इस आरोप के बाद बाकायदा कांग्रेस की टिकट की माँग करने वाले कांग्रेस के दावेदार श्रीमती नलिनी मेश्राम ने लिखित रूप से जिला पुलिस अधीक्षक के समक्ष शिकायत की गई थी कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के द्वारा टिकट देने के नाम पर अलग अलग किस्तो में 40 लाख रु देने का आरोप लगाए गए थे. इस आरोप के बाद कांग्रेस के बड़े बड़े नेता बगल झांकते हुए नजर आए थे और इस नपा चुनाव में सरेआम आरोप लगाने वाले उसी प्रार्थी को नपाध्यक्ष के रूप में कांग्रेस के बड़े नेताओं ने इस दावे के साथ अध्यक्ष, पार्षद पद के दावेदारों को इस शर्त के साथ टिकट दिया कि अध्यक्ष पद से




लेकर पार्षदों को जीताकर नहीं लाया तो राजनीति से सन्यास ले लूँगा जिसकी चर्चा धर्मनगरी में आग की तरह फैल गई थी और यही कारण माना जा रहा है कि धर्मनगरी की जनता ने ऐसे भ्रष्ट कांग्रेसी नेताओं को सिरे से खारिज करते हुए कांग्रेस के कई जमीनी नेताओं के अंदर यह माँग उठने लगी है कि कांग्रेस के शासनकाल में आकुत रूप से सम्पति अर्जित करने वाले ऐसे नेताओं के विरुद्ध कठोर कार्यवाही किया जाना चाहिए. चर्चा है कि कांग्रेस के 05 साल के शासनकाल में यह कांग्रेसी नेता अल्प समय में सैकड़ों करोड़ की सम्पति अर्जित कर लिया गया है. ऐसे भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध भाजपा को संज्ञान लेकर कठोर कार्यवाही करना चाहिए. शासन के द्वारा क्या कार्यवाही की जाती है यह तो आने वाला समय बता पायेगा परंतु इतना जरूर है कि इस चुनाव परिणाम के बाद कांग्रेस के कई आला नेता रिणमुक्त हो गए हैं. इसको लेकर जिला कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू से चर्चा करने पर कहा गया कि कांग्रेस के स्थानीय नेताओं की मनमर्जी और उनके आकाओं के दबाव में जिस प्रकार से चुनाव जीतने वाले प्रत्याशी को टिकट नहीं देनें के कारण धर्मनगरी की जनता ऐसे नेताओं और आकाओं को गाल पर कसकर तमांचा मारा गया है।



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। महापौर मधुसूदन ने आसरा, सागिनकछार, तिलईरवार एवं खम्हेरा में किया भाजपा प्रत्याशीयों का प्रचार प्रसार।**

## पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जीवन आधार पब्लिक चैरिटी राजनांदगाँव के द्वारा दिनांक 15/02/025 को पैडी प्राथमिक विघालय में स्वास्थ-स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्याधयापक के द्वारा उक्त विषय में महत्वपूर्ण जानकारी दियें तथा चैरिटी के मुख्य मार्गदर्शक ओमप्रकाश सहारे ने प्रकाश



डालते हुए कहा जल है तो कल है और जल के बिनां जीवन मुश्किल है इसलिए जल का दुरूपयोग नहीं करने की सलाह दिये तथा पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधारोपण करने की सलाह दिये और स्वास्थ को उतम रखने सुबह उठकर व्यायाम करने की सलाह दिये तथा स्वच्छता जागरूकता से संबंधित कहा किसी प्रकार का कोई कचरा हो उसे डस्ट बीन में ही डाले।

## जिला पंचायत सदस्य क्षेत्र क्रमांक 8 बेलगांव से कविता रवि अग्रवाल ने डोर टू डोर सघन जनसंपर्क किया, मतदाताओं का भरपूर आशीर्वाद मिला

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक आठ बेलगांव से जिला पंचायत सदस्य पद हेतु क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए सरल, सहज,मिलनसार श्रीमती कविता रवि अग्रवाल (ग्राम बेलगांव वाले ) जिसका चुनाव चिन्ह उगता सूरज छाप है। जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी श्रीमती कविता रवि अग्रवाल ने आज ग्राम कटली,बेलगांव सहित क्षेत्र के अनेक ग्रामो में डोर टू डोर सघन जनसंपर्क कर जीत का आशीर्वाद लिया उन्होंने एक नारा दिया है गांव गली से नाता है, काम करना आता है अपने समर्थकों के साथ गली गली में प्रचार प्रसार में जुटी हुई है जहां उन्हें मतदाताओं से भारी जन समर्थन मिल रहा है उनके प्रचार प्रसार के तरीके से मतदाताओं ने उन्हें अपना आशीर्वाद प्रदान कर रही है जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी को फूल माला पहनाकर, आरती उतार कर स्वागत अभिनंदन जगह-जगह की जा रही है. श्रीमती कविता रवि अग्रवाल हर गांव में बैनर पोस्टर और जनसभाओं के के माध्यम से मतदाताओं से समर्थन मांग रहे हैं।



# क्षेत्र के सतत् विकास के लिए वचनबद्ध : पुष्पा गौकरण वर्मा





**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** जिला पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र क्र. 8 के कांग्रेस अधिकृत प्रत्याशी पुष्पा गौकरण वर्मा ने सोमवार को क्षेत्र में सघन जनसंपर्क करते हुए ग्राम बेलगांव क्षेत्र के दर्जनों गांवों में चुनावी सभाएं ली। पैदल चलकर ग्रामवासियों से प्रत्यक्ष मुलाकात किया। इस अवसर पर गांव पहुंचते ही ग्रामीणों ने उत्साह के साथ फूलमालाओं से उनका स्वागत किया। सभा के दौरान ग्रामीणों ने क्षेत्र की समस्याएं बताई, जिसे पूरा कराने का उन्होंने वचन दिया।पुष्पा गौकरण वर्मा ने ग्रामवासियों से कहा कि क्षेत्र की समस्याओं का त्वरित निदान करने वाले योग्य, मिलनसार प्रत्याशी को आशीर्वाद दें। कुछ लोग ऐसे है जो चुनाव में प्रलोभन देकर मैदान में है जो सिर्फ घोषणाबाज होते हैं। विकास कार्यों के समय पीछे हट जाते हैं। ऐसे लोगों से बचना होगा। पुष्पा वर्मा ने कहा कि वे पिछले कार्यकाल से जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित होकर क्षेत्र की सतत सेवा कर रही है। अंचल में करोड़ों का विकास कार्य हुआ है। सदस्य रहकर जिले को करोड़ों की सौगात दिलवाई है। वे हमेशा ग्रामीणों के सुख दुख में साथ रही है। विदित हो कि चुनाव प्रचार के दौरान उन्हें ग्रामीणों का व्यापक समर्थन मिल रहा है। सभी एक स्वर में योग्य प्रत्याशी को चुनने का नारे लगा रहे हैं।

**जनसंपर्क के दौरान मिल रहा ग्रामीणों का अपार स्नेह**

**शुभांक**

**3-5-6**

**255-2 137-1**

**भाग्यांक**

**160-7 277-6**

## मै अपनी जीत को लेकर सुनिश्चित हूँ ग्यासराम कोर्राम

**जोंधरा(नांदगांव टाइम्स)।** मुझे यकीन है ग्राम पंचायत जोंधरा के प्रबुद्ध जागरूक मतदाता मुझे मेरे पक्ष में मतदान अवश्य ही करेंगे। उक्ताशय के विचार मिलनसार, सहज, सरल कर्मठ ग्राम पंचायत जोंधरा के प्रत्याशी ग्यासराम कोर्राम ने प्रतिनिधि के पास व्यक्त किये। उन्हे विश्वास है कि जीत उनकी सुनिश्चित है उन्होने बताया कि मै इससे पूर्व भी ग्राम पंचायत जोंधरा से सरपंच रहकर ग्राम पंचायत की जनता का सेवा कर चुका हूँ, वो भली भांति जानते है कि मैने अपने कार्यकाल में ग्राम पंचायत को विकास की एक नयी दिशा प्रदान की थी एवं पंचायत के विकास में समस्त ग्रामीणों का योगदान रहा है।



न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव
// उद्घोषणा//

रा.मा.क......अ/3 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम नंवई तहसील राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक महावीर एसोसिएट्स पार्टनर विनोद बोहरा पिता जेठमल बोहरा व अन्य निवासी लखोली तह. राजनांदगांव द्वारा ग्राम लखोली की भूमि ख.नं. 424/4 रकबा 0. 010 हे. व ख.नं. 424/62 रकबा 0.117 हे. कुल प्लाट 02 कुल रकबा 0.127 हे को संविलियन कर नया नम्बर दिये जाने हेतु आवेदक प्रस्तुत कर निवेदन किया है। प्रकरण में सुनवाई किया जाना है

उक्त खाते की भूमि का संविलियन की कार्यवाही विचाराधीन है। जिस पर अन्य हितबद्ध व्यक्ति अथवा जो कोई व्यक्ति दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हों तो प्रकरण में सुनवाई दिनांक 03/03/2025 को स्वयं अथवा अपने कोई विधिक प्रतिनिधि के जरिये उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत की जाने वाली आपत्ति / दावा पर काई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः आज दिनांक 17/5/ 2024 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

सील — तहसीलदार राजनांदगांव

# जनपद क्षेत्र क्र. 6 के प्रत्याशी भागवत सिन्हा गांव गांव जाकर मांग रहे जनता का आशीर्वाद

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** गांव की सरकार बनाने के लिए होने वाले मतदान के लिए अब कुछ ही दिन शेष है। डोंगरगांव ब्लॉक में त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था के तहत् होने वाला मतदान पंचायत चुनाव के अंतिम चरण में 23 फरवरी को होगा। कम दिन बचे रहने पर अब चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी प्रचार प्रसार में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। डोंगरगांव ब्लॉक अंतर्गत कुल 20 जनपद क्षेत्र पड़ते हैं। इनमें से जनपद क्षेत्र क्र. 6, जिसमें मारगांव, गिरगांव, जारवाही, पेंडरवानी व टोलागांव आते हैं। इन ग्रामों में इन दिनों चुनाव प्रचार प्रसार पूरे उत्साह पर है। इस क्षेत्र में जनपद सदस्य हेतु



ब्लैक बोर्ड चुनाव चिन्ह के साथ मैदान में उतरे तहसील सिन्हा समाज के अध्यक्ष तथा रामायण के प्रसिद्ध टीकाकार भागवत सिन्हा लोगों के बीच अपनी अ%छी पैठ बना रहे हैं। ग्रामीणों की सेवा को लक्ष्य बनाकर चुनावी समर में उतरे श्री सिन्हा ने आज से अपने क्षेत्र में तीसरे राऊंड का प्रचार चालू किया है। उन्होंने एक भेंट में बताया कि जनता के विकास, ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने सहित शिक्षा, स्वास्थ्य व सुव्यवस्थित सड़क की व्यवस्था उनका लक्ष्य है। स्व%छ व साफ छवि के कारण ग्रामीणों का भरपूर आशीर्वाद उन्हें प्राप्त हो रहा है। उनका क्षेत्र में लगातार जनसंपर्क जारी है।

**न्यायालय तहसीलदार राजनांदगांव**
//उद्घोषणा//

रा.मा.क......अ/3 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम नंदई तहसील राजनांदगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक वर्धमान रियल्टी पार्टनर फुलचंद जैन पिता श्री आईदान जैन निवासी रामाधीन मार्ग राजनांदगांव द्वारा ग्राम लखोली की भूमि ख.नं. 426/5 रकबा 0.097ख. नं. 426/6 रकबा 0.101 हे. कुल प्लाट 02 कुल रकबा 0.198 हे. प्रकरण में, सुनवाई किया जाना है।

उक्त खाते की भूमि का संविलियन की कार्यवाही विचाराधीन है। जिस पर अन्य हितबद्ध व्यक्ति अथवा जो कोई व्यक्ति दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते हों तो प्रकरण में सुनवाई दिनांक 03 / 03/ 2025 को स्वयं अथवा अपने कोई विधिक प्रतिनिधि के जरिये उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत की जाने वाली आपत्ति / दावा पर काई विचार नहीं किया जावेगा ।

अतः आज दिनांक 17/02/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया ।

**जारी दिनांक 17/02/2025**
**पेशी दिनांक 03/03/2025**

सील — तहसीलदार राजनांदगांव

nandgaon times feb-18-4.qxd 2/17/2025 11:57 PM Page 3



## ज्ञान मंथन

*1) पिक्नोमीटर नामक उपकरण का प्रयोग किसे मापने के लिए किया जाता है?*
*2) हाल ही में टाटा संस कहाँ 650 करोड़ की लागत से मंदिर संग्रहालय बनाएगा?*
*3) तारकोल वाली सड़कों पर टूट-फूट तब होती है, जब उनमें-*
*4) दूरसंचार मोबाइल नम्बर पोर्टेबिलिटी नौवा संशोधन विनियमन 2024 कब से लागू हुआ ?*
*5) हाल ही में किसने 2024 का राष्ट्रमंडल लघु कथा पुरस्कार जीता है?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**




## उत्तर माला

(1) घनत्व (2) अयोध्या (3) सड़क पर पानी स्थिर हो जाए (4) 1 जुलाई (5) संजना ठाकुर

## उमरवाही के मतदाताओं में बस एक ही नाम - रामाधीन रावटे

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** उमरवाही, गोटाटोला, जनकपुर, तीन ग्रामों से मिलकर बना ग्राम पंचायत उमरवाही में यद्वपि सरपंच पद के लिए दो प्रत्याशी ही आमने सामने है पर मतदाताओं में रामाधीन रावटे के नाम का ही जादू दिखाई दे रहा है। विदित हो कि रामाधीन रावटे पूर्व में भी सरपंच रह चुके है साथ ही उनके कार्यकाल में ग्राम पंचायत उमरवाही को एक नयी पहचान मिली थी। आज उमरवाही में व्याप्त समस्याओं के समाधान के लिए उमरवाही, जनकपुर एवं गोटाटोला के ग्रामीण मतदाता रामाधीन रावटे पर ही अपना विश्वास जता रहे है उनके प्रचार का जिम्मा मुख्य रूप से मुकेश भुवार्य, लक्ष्मीदचं जैन, जीवनचंद जैन, भागीरथी राणा, समन्त रावटे, सफीक खॉ, बबलू खान, राजकुमार यादव, भीखम रावटे, लेमन भागी, रसीरामणा ने सम्हाला हुआ है।



## निधन

**श्रीमती चंद्रिका साहू**

**सुरगी/ राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मंडल साहू संघ, मुड़पार ( सुरगी) के पूर्व अध्यक्ष , सेवानिवृत्त शिक्षक खिलावन राम बनपाल ( कोटराभांठा निवासी) की धर्मपत्नी श्रीमती चंद्रिका साहू जी का 80 वर्ष की उम्र में 17 फरवरी को बोरी -गारका में निधन हो गया है। वे कुछ समय से अस्वस्थता के दौर से गुजर रही थी।वे मंडल साहू संघ मुड़पार , सुरगी के अध्यक्ष, सेवानिवृत्त शिक्षक जीवन लाल साहू , हिरामन लाल साहू सेवानिवृत्त शिक्षक , देव कुमार साहू सेवानिवृत्त समिति प्रबंधक वृहताकार सेवा सहकारी समिति की बड़ी भाभी जी , जिला साहू संघ दंतेवाड़ा के अध्यक्ष भूपेन्द्र कुमार साहू सृजन और कोटराभांठा के पूर्व सरपंच राजेश कुमार साहू की बड़ी मां है।वे अपने पीछे पति खिलावन राम बनपाल, पुत्र त्रिभुवन लाल साहू, घनश्याम कुमार साहू सहित एक भरापूरा परिवार छोड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार कार्यक्रम बोरी - गारका में किया गया जिसमें सगा -संबंधी के साथ स्थानीय ग्रामीण जन , सामाजिक पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। मृतात्मा को जिला साहू संघ राजनांदगांव, जिला साहू संघ दंतेवाड़ा, मंडल साहू संघ मुड़पार, सुरगी, साकेत साहित्य परिषद सुरगी ने श्रद्धांजलि अर्पित कर शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है।



# युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं में लोकतंत्र के महापर्व में दिखा जबरदस्त उत्साह

### बारात के पहले दूल्हा और नवविवाहित जोड़ें ने भी मतदान कर जाहिर की अपनी खुशी, बुजुर्ग मतदाताओं ने बड़े उत्साहपूर्वक व्हील चेयर में बैठकर किया वोट



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत 17 फरवरी को प्रथम चरण का जनपद पंचायत राजनांदगांव के सभी मतदान केन्द्रों में मतदान किया गया। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन में युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों एवं दिव्यांग मतदाताओं ने लोकतंत्र के महापर्व में जबरदस्त उत्साह के साथ मतदान कर अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इसके साथ ही बारात के पहले दूल्हा और नवविवाहित जोड़ें ने भी मतदान कर अपनी खुशी जाहिर की। बुजुर्ग मतदाताओं ने बड़े उत्साहपूर्वक व्हील चेयर में बैठकर वोट किया। त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन को ग्रामीण क्षेत्रों में त्यौहार की तरह मनाया गया। ग्रामीण मतदाताओं ने पूरी ऊर्जा के साथ जिला पंचायत सदस्य से लेकर पंच पद के निर्वाचन में हिस्सा लिया। उत्साहपूर्वक ग्रामीण मतदाताओं ने लोकतंत्र में अपनी सहभागिता निभाई। मतदान केन्द्रों पर सुबह से ही मतदाताओं की लंबी कतारें देखी गईं। लोग शांतिपूर्ण तरीके से अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे और प्रशासन द्वारा की गई बेहतरीन व्यवस्था से मतदान प्रक्रिया सुचारू रूप से संचालित हुई। चुनाव प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। चुनाव में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों की भागीदारी उल्लेखनीय रही।





## जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 से श्रीमती नीलम टिकेश साहू को जनता का आशीर्वाद मिलने की उम्मीद, गांव गांव में मतदाताओं का अच्छा प्रतिसद मिल रहा है

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 6 में कांग्रेस की अधिकृत प्रत्याशी जनपद पंचायत डोंगरगांव के अध्यक्ष टीकेश साहू की धर्मपत्नी नीलम साहु उगता सुरज छाप को क्षेत्र में व्यापक जन समर्थन मिल रहा है वह लगातार क्षेत्र के गांव में पहुंच रहे हैं और लोग उनका गर्मजोशी से स्वागत कर रहे हैं उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न गांवों में लगातार प्रचार प्रसार सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए और डीजे और बैनर पोस्टर के माध्यम से जनता से आशीर्वाद मांग रहे हैं गौरतलब है कि श्रीमती नीलम साहू के पति टिकेश साहू वर्तमान में जनपद पंचायत के अध्यक्ष हैं और इस नाते उन्हें क्षेत्र की जनता भलिभांति जानती है और यही वजह है कि पहली बार चुनाव लड़ रही है नए चेहरे होने की वजह से मतदाताओं में भारी उत्साह है उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता जनता अगर आशीर्वाद देगी तो क्षेत्र की चौमुखी विकास करने की रहेगी आने वाले 23 फरवरी को होने वाले मतदान के पूर्व सभी गांव में पहुंचना एक बड़ी चुनौती है लेकिन उन्होंने इस चुनौती को पार की और लगभग सभी गांव में जनता से रूबरू हो चुके हैं उन्हें पूर्ण विश्वास है कि मतदाताओं का उन्हें जरूर आशीर्वाद मिलेगा।



## बरबसपुर में गिलास छाप का जोर

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** छुरिया विकासखंड के आश्रित ग्राम पंचायत ग्राम बरबसपुर में प्रचार के लिए अब कुछ दिन ही शेष बच गये हैं , मतदाताओं की खामोशी अब धीरे धीरे खुलने लगी है जिससे लग रहा है कि ग्राम पंचायत बरबसपुर में कांच का गिलास जो कि सम्बलपुर निवासी सुरेन्द्र ठाकुर का चुनाव चिन्ह है का बोलबाला दिखाई देने लगा है, युवा कर्मठ एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी सुरेन्द्र ठाकुर द्वारा अपने प्रचार के लिए बरबसपुर पंचायत के लिए घोषणा पत्र तैयार किया गया है, जिससे मतदाता सर्वाधिक प्रभावित हो रहे हैं, वहीं ग्राम संबलपुर के बुजुर्गों का भी आशीर्वाद उन्हे प्राप्त हो रहा है, युवा नेता सुरेन्द्र ठाकुर को अपनी जीत पर पूरा यकीन है कि मतदाता उन्हे अपना आशीर्वाद जरूर प्रदान करेंगे।



## मै वचन देता हूँ मै आपकी सेवा में हमेशा हाजिर रहूंगा - नरेन्द्र उके

**जोंधरा ( नांदगांव टाइम्स )।** मै ग्राम पंचायत जोंधरा के मतदाताओं को वचन देता हूँ कि मै हमेशा उनके सुख-दुख का सहभागी बनूंगा मतदाताओं की तकलीफ को अपनी तकलीफ समझ कर सेवा करूंगा। उक्ताशय के विचार ग्राम पंचायत जोंधरा में सरंपच पद के युवा प्रत्याशी नरेन्द्र उके अपने प्रचार में मतदाताओं से अपने लिए समर्थन मांगते हुए व्यक्त कर रहे है। जोंधरा एवं आश्रित ग्राम मोहगांव दोनो ही ग्रामो में नरेन्द्र उके अपने समर्थको के साथ प्रचार मे लगे हुए उन्होने प्रतिनिधि के पास व्यक्त किया। जनता उन्हें अपना आशीर्वाद जरूर प्रदान करेगी और उन्हे अपना सेवा का मौका भी देगी। साथ ही उनका चुनाव चिन्ह गिलास छाप में मतदान भी करेगी ।



## लीजेंड 90 लीग: दिल्ली रॉयल्स का सफर खत्म

**रायपुर ।** शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आज खेले गए दूसरे क्वालीफायर मुकाबले में राजस्थान किंग्स ने दमदार प्रदर्शन करते हुए दिल्ली रॉयल्स को 6 विकेट से हराकर लीजेंड 90 लीग के ग्रैंड फिनाले में जगह पक्की कर ली है। राजस्थान की जीत के नायक फिल मस्टर्ड (नाबाद 53) और रजत सिंह (56) रहे, जिन्होंने टीम को रोमांचक जीत दिलाई। पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली रॉयल्स को लेंडल सिमंस और शरद लुम्बा ने तेज शुरुआत दिलाई। लुम्बा ने मात्र 24 गेंदों में 9 चौकों और 6 छक्कों की मदद से 60 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली। दोनों ने पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़े, लेकिन दिल्ली की पकड़ तब टूटी जब लुम्बा के आउट होने के बाद 34 गेंदों में 63 रन बनाकर खेल रहे, लेंडल सिमंस को सूदीप त्यागी की एक तेज बाउंसर आकर हेलमेट पर लगी, जिसके चलते उन्हें रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा। इस घटना ने मैच का रुख ही पलट कर रख दिया और विकेट गिरने का सिलसिला जारी हो गया। जिसके बाद अंतिम ओवर में दिल्ली के कप्तान बिपुल शर्मा ने तीन छक्के जड़कर टीम को 15 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर 167 के सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। 168 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान किंग्स की तरफसे फिल मस्टर्ड और असद पठान ने 45 रनों की साझेदारी के साथ टीम को सधी हुई शुरुआत दी। हालांकि उसके बाद दिल्ली ने तेजी से तीन विकेट जरूर झटके, लेकिन रजत सिंह ने मस्टर्ड के साथ मिलकर मैच का रुख ही बदल कर रख दिया। रजत ने 28 गेंदों में 56 रनों की विस्फोटक पारी खेली। हालांकि अंतिम ओवरों में उनके आउट होने के बाद मैच एक बार फिर रोमांचक मोड़ पर पहुंच गया। आखिरी 8 गेंदों पर 15 रनों की जरूरत थी, लेकिन मस्टर्ड ने लगातार दो छक्के लगाकर न सिर्फ अपना अर्धशतक पूरा किया, बल्कि राजस्थान को जीत के करीब भी पहुंचा दिया। अंततः राजस्थान ने दिल्ली पर 6 विकेट से जीत दर्ज कर ली। अब राजस्थान किंग्स 17 फरवरी को होने वाले लीजेंड 90 लीग के फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ वॉरियर्स से भिड़ेगी। इस बहुप्रतीक्षित फाइनल से पहले बॉलीवुड स्टार तमन्ना भाटिया भी अपने धमाकेदार परफॉर्मेंस से दर्शकों का मनोरंजन करते नजर आएंगी।



## जनता से जुड़ाव, स्वास्थ्य विभाग से जुड़ाव के साथ और विकास के वादों के साथ भीखम देवांगन का चुनावी प्रचार जोर पकड़ रहा

**गैंदाटोला ( नांदगांव टाइम्स )।** जनपद पंचायत जयसिंगटोला क्षेत्र क्रमांक 15 में भीखम देवांगन ने अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत जोश और उत्साह के साथ की है। जनता से सीधे जुड़कर उनकी समस्याओं को समझना और उन्हें दूर करने का वादा करना उनकी रणनीति का मुख्य हिस्सा है। भीखम देवांगन का चुनावी प्रचार क्षेत्र की गलियों और गांवों में जोर पकड़ रहा है। वे घर-घर जाकर लोगों से मिल रहे हैं, उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं और समाधान का भरोसा दिला रहे हैं। उनकी सादगी और मिलनसार स्वभाव ने लोगों का दिल जीत लिया है। अपने प्रचार अभियान के दौरान वे विकास, बुनियादी सुविधाओं और युवाओं के भविष्य जैसे अहम मुद्दों को उठा रहे हैं। भीखम देवांगन का कहना है कि वे क्षेत्र में सड़क, बिजली, पानी और शिक्षा जैसी बुनियादी जरूरतों को प्राथमिकता देंगे। भीखम देवांगन की साफ छवि,स्वास्थ्य विभाग से जुड़ाव और जमीनी जुड़ाव ने उन्हें जनता के बीच एक मजबूत उम्मीदवार बना दिया है। उनका चुनाव प्रचार दिन-ब-दिन गति पकड़ रहा है और जनता का समर्थन उनके साथ दिख रहा है और क्षेत्र में भारी लहर पकड़ रहा है । आने वाले चुनावों में भीखम देवांगन की यह मेहनत और जनता से जुड़ाव क्या रंग लाएगा, यह देखने वाली बात होगी। फिलहाल, उनका प्रचार अभियान क्षेत्र की राजनीति में चर्चा का विषय बन चुका है।



## धर्म समाचार....

## कब है फरवरी महीने का अंतिम प्रदोष व्रत? नोट करें शुभ मुहूर्त एवं योग

हर साल फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को महाशिवरात्रि मनाई जाती है। इस दिन देवों के देव महादेव और जगत की देवी मां पार्वती की पूजा की जाती है। महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव की पूजा करने से साधक की हर मनोकामना पूरी होती है। इस साल 26 फरवरी को महाशिवरात्रि मनाई जाएगी। इससे एक दिन पहले प्रदोष व्रत सनातन धर्म में प्रदोष व्रत का खास महत्व है। यह पर्व हर माह के कृष्ण और शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को मनाया जाता है। इस दिन देवों के देव महादेव और जगत की देवी मां पार्वती की पूजा की जाती है। साथ ही त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष व्रत रखा जाता है। इस व्रत को करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। साथ ही सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। शिव पुराण में वर्णित है कि प्रदोष व्रत करने से साधक पर महादेव की कृपा बरसती है। उनकी कृपा से साधक के जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के दुख एवं संकट दूर हो जाते हैं। अत: साधक त्रयोदशी तिथि पर श्रद्धा भाव से शिव-शक्ति की पूजा करते हैं। आइए, फरवरी महीने के अंतिम प्रदोष व्रत की सही डेट एवं शुभ मुहूर्त जानते हैं-



**प्रदोष व्रत शुभ मुहूर्त**

वैदिक पंचांग के अनुसार, फाल्गुन माह के कृष्ण पक्ष की त्रयोदशी तिथि की शुरुआत 25 फरवरी को दोपहर 12 बजकर 47 मिनट पर होगी और 26 फरवरी को सुबह 11 बजकर 08 मिनट पर समाप्त होगी। त्रयोदशी तिथि पर प्रदोष काल में भगवान शिव की पूजा की जाती है। 25 फरवरी को प्रदोष काल संध्याकाल 06 बजकर 18 मिनट से 08 बजकर 49 मिनट तक है। अत: 25 फरवरी को फरवरी महीने का अंतिम प्रदोष व्रत मनाया जाएगा।

**शुभ योग**


फरवरी माह के अंतिम प्रदोष व्रत पर कई मंगलकारी योग बन रहे हैं। इन योग में त्रिपुष्कर योग और वरीयान योग शामिल है। ज्योतिषियों की मानें तो त्रिपुष्कर योग बेहद दुलर्भ होता है। इस योग में भगवान शिव की पूजा करने से साधक को दोगुना फल मिलता है। इस दिन शिववास योग का भी संयोग बन रहा है। इसके साथ ही उत्तराषाढ़ा नक्षत्र का भी योग है।

**पंचांग**

सूर्योदय - सुबह 06 बजकर 50 मिनट परसूर्यास्त - शाम 06 बजकर 18 मिनट पर ब्रह्म मुहूर्त - सुबह 05 बजकर 10 मिनट से 06 बजे विजय मुहूर्त - दोपहर 02 बजकर 29 मिनट से 03 बजकर 15 मिनट तक गोधूलि मुहूर्त - शाम 06 बजकर 16 मिनट से 06 बजकर 41 मिनट तक निशिता मुहूर्त - रात्रि 12 बजकर 09 मिनट से 12 बजकर 59 मिनट तक

### इन राशियों का शुरू होगा गोल्डन टाइम, दौड़ने लगेगा कारोबार

ज्योतिष कारोबार को नया आयाम देने के लिए कुंडली में बुध मजबूत करने की सलाह देते हैं। भगवान गणेश की पूजा करने से कुंडली में बुध ग्रह (क्क्तस्त्रद्ध त्रशष्द्धड्डह्म् 2025) मजबूत होता है। बुध देव के प्रसन्न होने पर जातक को हर क्षेत्र में सफलता मिलती है। साथ ही भगवान गणेश की कृपा से सुख और सौभाग्य में वृद्धि होती है। ज्योतिष शास्त्र में बुध देव को व्यापार का दाता कहा जाता है। कुंडली में बुध मजबूत होने से जातक को कारोबार में मनमुताबिक सफलता मिलती है। साथ ही समय के साथ कारोबार में बढ़ोतरी होती है। इसके साथ ही जातक मधुरभाषी होता है। मीठी वाणी से लोगों को आकर्षित एवं प्रभावित करने में सफल होता है। इससे सभी बिगड़े काम बन जाते हैं। ज्योतिषियों की मानें तो वर्तमान समय में ग्रहों के राजकुमार बुध देव कुंभ राशि में विराजमान हैं। इस राशि में बुध देव शिवरात्रि तक रहेंगे। इसके अगले दिन राशि परिवर्तन करेंगे। इससे पहले बुध देव ने शतभिषा नक्षत्र में गोचर किया है। इससे कई राशि के जातकों को लाभ मिलेगा। आइए, इसके बारे में सबकुछ जानते हैं-




**वृषभ राशि**- बुध देव की चाल बदलने से वृषभ राशि के जातकों को भी लाभ मिलेगा। इस राशि के जातकों को शेयर मार्केट से अधिक लाभ होगा। धार्मिक कर्मों में रूचि बढ़ेगी। आप ज्ञान अर्जन के लिए यात्रा कर सकते हैं। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। संचार कौशल में बढ़ोतरी होगी। सरकारी नौकरी की तलाश में लगे जातकों को सफलता मिल सकती है। माता-पिता और गुरुजनों की सेवा और सम्मान करेंगे। कारोबार में वृद्धि होगी। कारोबार के माध्यम से आपको धन लाभ होगा। साथ ही समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कुंभ राशि**- व्यापार के दाता बुध देव के नक्षत्र परिवर्तन करने से कुंभ राशि के जातकों को लाभ होगा। आपकी बुद्धि कुशाग्र होगी। आप अपनी बुद्धिमत्ता से धन कमाने में कामयाब होंगे। बिगड़ी बात बन जाएगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। ज्ञान अर्जन करने में आप सफल होंगे। आप अपनी पढ़ाई में बेहतर करेंगे। आप किसी ज्ञानी पुरुष के संपर्क में आ सकते हैं। अन्य विषय में भी आपकी रूचि बढ़ेगी।

nandgaon times feb-18-4.qxd 2/17/2025 11:57 PM Page 4



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोट्र्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉपट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोट्र्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोट्र्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बेग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...



स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र में मतदान संपन्न

## = कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ ने मतदान केन्द्रों का लिया जायजा, मतदान के लिए ग्रामीणों में दिखा गजब का उत्साह



**राजनांदगांव।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 के तहत आज प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत 114 पंचायतों के 312 मतदान केन्द्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत आने वाले 4 जिला पंचायत सदस्य, 25 जनपद पंचायत सदस्य तथा सरपंच व पंच पद के लिए ग्रामीण मतदाताओं ने मतदान किया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन में त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों के मतदान केन्द्रों में छांव, पेयजल सहित अन्य सभी आवश्यक व्यवस्था की गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजय अग्रवाल तथा रिटर्निंग ऑफिसर एवं सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने ग्राम सोमनी, घुमका, हरडुवा, बरबसपुर, खैरझीटी, बोरी, रेंगाकठेरा, सुकुलदैहान, धर्मापुर, डिलापहरी सहित अन्य ग्रामों के मतदान केन्द्रों का निरीक्षण किया एवं मतदान दलों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया और अन्य ग्रामीणों को भी अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित करने कहा। प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत मतदान के लिए ग्रामीणों में गजब का उत्साह देखने को मिला। सुबह से ही मतदान केन्द्रों में बड़ी संख्या में ग्रामीण कतार में खड़े रहे और बारी-बारी से अपने मताधिकार का प्रयोग किया। युवा, महिला, वरिष्ठ नागरिक, अन्य नागरिक के साथ दिव्यांगजन एवं बुजुर्ग मतदाता भी अपने परिजनों के साथ मतदान के लिए मतदान केन्द्रों तक पहुंचे। ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए चाक-चौबंद व्यवस्था की गई थी। जिले के सभी मतदान केन्द्रों में प्रथम चरण में मतदान शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। मतदान के पश्चात मतदान केन्द्रों पर मतगणना की गई। द्वितीय चरण में 20 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत छुरिया एवं तृतीय चरण में 23 फरवरी 2025 को जनपद पंचायत डोंगरगढ़ व डोंगरगांव में सुबह 7 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक मतदान किया जाएगा। जिला निर्वाचन कार्यालय से दोपहर 1 बजे तक प्राप्त जानकारी अनुसार आज प्रथम चरण में जनपद पंचायत राजनांदगांव क्षेत्र अंतर्गत मतदान का प्रतिशत 59.10 रहा है। जिसमें 56 प्रतिशत पुरूष, 62.34 प्रतिशत महिला एवं 50 प्रतिशत अन्य मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। शाम 4 बजे तक प्राप्त जानकारी के अनुसार अनंतिम मतदान प्रतिशत 86 है।

### शाम 4 बजे तक अंमि मतदान 86 प्रतिशत रहा





# निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा नवागांव टेंचिंग ग्राउण्ड पहुँच कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी के दिये निर्देश



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा कचरा निपटान का जायजा लेने आज सुबह नवागांव टेंचिंग ग्राउण्ड पहुँचे और सभी मशीने दुरूस्त रख शीघ्रता से कचरा निपटान करने के निर्देश मिशन क्लीन सिटी प्रभारी श्री राजेश मिश्रा को दिये। टेंचिंग ग्राउण्ड में कचरा निपटान करने की विभिन्न प्रक्रियाओं का आज आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने जायजा लेकर सभी मशीने दुरूस्त कर, एसएलआरएम सेन्टरों के अलावा घर से ही कचरा पृथक कराकर ले तथा टेचिंग ग्राउण्ड मे लाकर कचरा निपटान प्रक्रिया में तेजी लाने कहा। उन्होंने मिशन क्लीन सिटी प्रभारी श्री मिश्रा से कहा कि ठेकेदार को भी कचरा निपटान जल्द करने अधिक से अधिक संसाधन का उपयोग कर कार्य करने निर्देशित करे। उन्होंने टेचिंग ग्राउण्ड के एसएलआरएम सेन्टर का निरीक्षण कर रजिस्टर की जॉच किये और प्रतिदिन आने वाले गीला कचरा सुखा कचरा की मात्रा की जानकारी लेकर एसएलआरएम सेन्टरों में ही कचरा पृथककरण कर निपटान करने के निर्देश दिये और कहा कि सडको, नालियों, मुक्कडों से निकलने वाले कचरा ही टेचिंग ग्राउण्ड में लावे। उन्होंने खाद बनाने की प्रक्रिया देख गीला कचरा से अधिक से अधिक खाद बनाने के निर्देश दिये। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कम्पोस्ट मशीन को सुधार करने तथा बेलींग मशीन की गति बढ़ाने कहा। इसके अलावा छन्नी मशीन के लिये शेड बनाने एवं एफएसटीपी के मरम्मत कार्य जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आगामी माह में स्वच्छता सर्वेक्षण की टीम आने की संभावना है, उसके पूर्व टेचिंग ग्राऊण्ड की सभी व्यवस्था दुरूस्त करे। सभी कर्मचारी निर्धारित समय तक उपस्थित रहकर कार्य करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान स्वच्छता निरीक्षक श्री दीपक श्रीवास्तव, जिला समन्वयक एसबीएम श्री देवेश साहू व स्वास्थ्य अमला उपस्थित था।



# डोर टू डोर जनसंपर्क कर जन समर्थन जुटा रहीं किरण साहू

**छुरिया ( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्र12 गैंदाटोला में आगामी चुनाव को लेकर प्रचार-प्रसार तेज हो गया है। इसी क्रम में जिला पंचायत 12 गैंदाटोला निर्दलीय प्रत्याशी श्रीमती किरण साहू ने अपने समर्थकों के साथ ग्राम बेलरगोंदी व गहिराभेड़ी में डोर-टू-डोर जनसंपर्क किया। इस दौरान उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे बल्ब छाप (07 नंबर) के बटन पर मतदान कर क्षेत्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। उनके समर्थन में ग्रामीणों ने उत्साह दिखाया और विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया।जनसंपर्क अभियान के दौरान स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं को भी सामने रखा, जिस पर श्रीमती किरण साहू ने समाधान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि अगर जनता का आशीर्वाद मिला तो क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता दी जाएगी। किरण साहू के साथ चिंताराम साहू, हीरालाल गंधर्व ,प्रेमी चंद साहू ,शगुन लाल साहू, जानकीबाई बघेल, कृष्णा राम चंद्रवंशी ,मानिक बाई चंद्रवंशी, देववती पटेल , टेकराम साहू, द्रोण साहू, चेतन साहू ओर विकास बघेल आदि जनसमर्थन हेतु घर घर जा रहे हैं।



# गोपाल सिंह भुआर्य को मतदाताओं का मिल रहा व्यापक समर्थन

**राजनांदगांव( नांदगांव टाइम्स )।** जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 13 से भाजपा समर्थित प्रत्याशी गोपाल सिंह भूआर्य का जनसंपर्क



अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। उन्होंने ग्राम पंचायत गोडलवाही, साल्हेटोला, मासूल कसा, करूटोला, बवली,आमाकट्टा, चिखला मटिया, राणामटिया, तुमडी कसा,पथरागांव,मटरा खुज्जी, जामनारा,करमरी, रतन भाट,महरूम,छिंदी बिहरी, कापा, उमरवाही में जनसंपर्क किया।

ग्रामवासियों ने तिलक लगाकर श्री भूआर्य का अभिनंदन किया। भाजपा प्रत्याशी गोपाल सिंह भूआर्य व उनके समर्थक मतदाताओं से मतदान कर अपना आशीर्वाद व समर्थन देने की अपील कर रहे हैं। हर गांव में बैनर-पोस्टर और जनसभाओं के माध्यम से मतदाताओं को उनके समर्थन में जुटने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इससे क्षेत्र के लोगों को उनसे विशेष उम्मीद है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्हें विश्वास है कि गोपाल सिंह भूआर्य क्षेत्र के विकास के लिए नया चेहरा बनकर आ रहा है और सभी गांव में विकास का नया इतिहास रचेगा। जनसंपर्क के दौरान श्री भूआर्य ने कहा कि किसानों को सरकार की सभी योजनाओं का लाभ दिलाना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।

# निर्वाचन कार्य में लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत इंदामरा के सचिव निलंबित

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जनपद पंचायत राजनांदगांव के ग्राम पंचायत इंदामरा के सचिव श्री जंगलूराम यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। प्राप्त जानकारी अनुसार श्री जंगलूराम यादव द्वारा अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन तथा त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन के कार्य में लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में श्री यादव को नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी तथा उनका मुख्यालय कार्यालय जनपद पंचायतराजनांदगांव निर्धारित किया गया है।

# अतिक्रमण पर चुनाव के बाद गिरेगी गाज

## मामला- ग्राम पंचायत धुसेरा में सामूहिक चुनाव बहिष्कार का

**डोंगरगढ़/धुसेरा ( नांदगांव टाइम्स )।** आखिरकार ग्रामवासियो की माँग पर नायब तहसीलदार, आर.आई, पटवारी के साथ मौका मुआयना कर शीघ्र अतिक्रमण हटाने को लेकर सहमति देने के बाद त्रिस्तरीय पंचायत के बहिष्कार के निर्णय को ग्रामवासी वापस ले लिए है. ज्ञात हो कि विकासखंड के ग्राम पंचायत धुसेरा में शासकीय भूमि पर गाँव के कई लोगों के द्वारा कब्जा कर पक्का निर्माण करा रहे थे जिसको लेकर ग्रामवासियो के द्वारा अनुविभागीय राजस्व अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंप कर शीघ्र अतिक्रमण हटाने की माँग रखी गई थी और अतिक्रमण नहीं हटाए जाने पर पंचायत चुनाव का बहिष्कार करने का निर्णय लिया गया था आखि़रकार सोमवार को ग्राम पंचायत धुसेरा में नायब तहसीलदार मेघा जैन, आर.आई व पटवारी ताजिन्दर पाल



भाटिया ग्राम पंचायत पहुँचकर ग्रामीणों को आश्वत कराया गया कि शीघ्र ही अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जायेगी. आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीणों ने चुनाव बहिष्कार करने का निर्णय वापस ले लिया गया है.

**पटवारी को हटाने पर अड़े ग्रामीण.**

अतिक्रमण हटाने पहुंचे नायब तहसीलदार के समक्ष ग्रामवासियो ने जमकर शिकायत किया गया कि श्रीमती भाटिया अपने कर्तव्यों का पालन नियमानुसार नहीं करती है ऐसे पटवारी को तत्काल हटाने की माँग की. श्रीमती जैन ने इसकी पुष्टि करते बताया कि ग्रामवासियो की माँग पर शीघ्र अन्य पटवारी को प्रभार दिया जायेगा.

# अस्मिता हॉकी लीग जूनियर स्टेट हॉकी प्रतियोगिता का आज उदघाटन शाम 4बजे

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** छत्तीसगढ की हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में हॉकी इंडिया, स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफइंडिया व छत्तीसगढ हॉकी के संयुक्त तत्वधान में अस्मिता स्टेट हॉकी लीग जूनियर बालिका की स्पर्धा 18 से 22 फरवरी तक तथा सब जूनियर दिनांक 21 से 26 फरवरी तक संस्कारधानी के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेली जाऐगीं। प्रतियोगिता में जूनियर बालिका वर्ग में 8 जिलो की टीमे व सब जूनियर बालिका वर्ग में 9 जिलो की टीमे हिस्सा लेंगी। आयोजन की तैयारियों को आयोजको द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है,चैंपियनशिप का उद्घाटन आज शाम 4 बजे से अतिथियों की उपस्थिति में सम्पन्न होगा। उक्त प्रतियोगिता के तहत आज 4 मैच खेला जाएगा। पहला मैच सुबह 8 बजे स्पोर्ट्स अकादमी रायपुर विरुद्ध हॉकी जांजगीर चाम्पा के मध्य सुबह 8 बजे खेला जाएगा वंही दूसरा मैच हॉकी कांकेर विरुद्ध हॉकी दुर्ग के मध्य सुबह 9 बजे होगा। तीसरा मैच कबीरधाम विरुद्ध धमतरी दोपहर 2.30 बजे खेला जाएगा तथा आज का उद्धघाटन मैच कोरबा विरुद्ध मेजबान राजनांदगांव के मध्य संध्या 4 बजे खेला जाएगा।

**सुबह 8 बजे से कुल चार मैच खेले जाएंगे**

**हॉकी इंडिया,स्पोटर्स ऑथरिटी ऑफ इंडिया तथा जिला एवं छत्तीसगढ हॉकी का संयुक्त आयोजन**

# मुक्ति तो भक्ति की दासी है : पंडित अर्पित भाई शर्मा

राजनंदगांव (नांदगांव टाइम्स)। भागवत कथा शास्त्रों का सार है , सिद्धांतों का निचोड़ है । मुक्ति तो भक्ति की दासी है । भक्ति से परमेश्वर की प्राप्ति का मार्ग प्रशस्त होता है । व्यक्ति के जीवन में जब जन्म जन्मांतर के पुण्य उदय होते हैं तब उसे श्रीमद् भागवत कथा श्रवण का अवसर प्राप्त होता है । उक्त उद्गार आज श्री दुर्गा मंदिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के प्रथम दिवस व्यासपीठ पर विराजमान अंचल के सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा ने व्यक्त किए । भागवत कथा हमें अपने दोषों से अवगत कराती है , हिरण्याक्ष एवं कंस का वध करने भगवान को धरती पर आना पड़ा । व्यक्ति का स्वभाव है वह हर कार्य को कल पर टालता है ,भागवत कथा कहती है कि जब किसी अच्छे कार्य को करने की इच्छा जागृत हो उसी समय कार्य को पूरा कर दें , देर ना करें । भूत और भविष्य है ही नहीं , वर्तमान में जिए । श्री अर्पित भाई ने कहा कि काल रूपी सर्प के मुख में जाने का भय एवं उस त्रास से मुक्ति दिलाने वाला कोई है तो वह है श्रीमद् भागवत कथा । यह कथा जैसे आप हमसे सुन रहे हैं इसी तरह यह कथा 80000 सौंनकादिक ऋषियों को श्रीसूत जी ने सुनाई थी एवं ब्रह्मा जी ने नारद जी को तथा सुखदेव जी महाराज ने परीक्षित को सुनाई थी । आप भाग्यशाली है कि इस कलि काल में आप कथा श्रवण कर रहें है । कथा रूपी अमृत पान करने देवता भी लालायित रहते हैं । स्वर्ग लोक , कैलाशपुरी में तथा बैकुंठ लोक में की भागवत कथा नहीं है । केवल पृथ्वी में ही यह उपलब्ध है । जो व्यक्ति अपने कल्याण से विमुख है वह मूर्ख है , युवा भक्ति रूपी माता के दो वृद्ध पुत्र ज्ञान व वैराग्य है । लोगों ने भक्ति को प्रधानता दी और ज्ञान व वैराग्य की ओर ध्यान नहीं दिया अत: ज्ञान एवं वैराग्य वृद्धावस्था को प्राप्त हुए । कथा को आगे बढ़ाते हुए श्री शर्मा ने कहा कि भक्ति, ज्ञान व वैराग्य की त्रिवेणी से ही परमेश्वर की प्राप्ति होगी । श्री दुर्गा मंदिर किलापारा के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह के प्रथम दिवस 17 फरवरी सोमवार को श्रीदुर्गा मंदिर प्रांगण से सुबह 10:00 बजे भव्य कलश यात्रा प्रारंभ हुई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस मंदिर प्रांगण स्थित विशाल पंडाल पहुंची । बाजे गाजे के साथ रथ पर सुप्रसिद्ध भगवताचार्य पंडित अर्पित भाई शर्मा विराजमान थे । प्रथम दिवस की कथा दोपहर 4:00 बजे प्रारंभ हुई । इस भागवत कथा के प्रमुख यजमान डॉक्टर रत्नेश एवं श्रीमती शैली श्रीवास्तव है । कथा प्रारंभ के पूर्व मुख्य यजमान के द्वारा व्यास पीठ का पूजन किया गया आरती पश्चात मंदिर समिति की ओर से श्री सत्यनारायण डागा इत्यादि ने व्यास पीठ पर विराजमान पूज्य आचार्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया । प्रतिदिन की कथा दोपहर 2:00 बजे से प्रारंभ होगी ।



**भक्ति , ज्ञान एवं वैराग्य की त्रिवेणी से ही परमेश्वर की प्राप्ति होती**

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com